वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
Council of Scientific and Industrial Research
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001
Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg, New Delhi-110001

सं: 5-1(28)/2008-पीडी दिनांक: 05.02.2026

कार्यालय ज्ञापन

विषय: सुरक्षा निविदाओं की आउटसोर्सिंग के लिए निदेशकों को शक्तियों के प्रत्यायोजन के स्पष्टीकरण के संबंध में ।

अधोहस्ताक्षरी को यह बताने का निदेश हुआ है कि प्रयोगशालाओं/संस्थानों से सेवाओं के प्रापण के संबंध में प्रयोगशालाओं के निदेशकों की वित्तीय शक्तियों पर स्पष्टता मांगने वाले संदर्भ प्राप्त हुए हैं । इस मामले पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा एकीकृत वित्त प्रभाग (आईएफडी), सीएसआईआर के परामर्श से विचार किया गया है और यह स्पष्ट किया जाता है कि:

1) प्रयोगशालाओं और सीएसआईआर मुख्यालय द्वारा सेवाओं के प्रापण के संबंध में समय-समय पर जारी विभिन्न कार्यालय ज्ञापन/शक्तियों का प्रत्यायोजन जारी किये जाते रहे हैं । सेवाओं के प्रापण के विषय में, प्रयोगशालाओं में निदेशक की शक्तियां सीएसआईआर मुख्यालय के संयुक्त सचिव (प्रशा.) की शक्तियों के समान हैं ।

2) यह भी स्पष्ट किया जाता है कि निम्नलिखित तालिका के अनुसार परामर्शी और अन्य सेवाओं के लिए संविदा का निष्पादन और प्रापण संबंधी व्यय स्वीकृत करने हेतु प्रयोगशाला के निदेशकों/सीएसआईआर मुख्यालय में संयुक्त सचिव (प्रशा.) को प्रत्यायोजित शक्तियां निम्न सारणी के अनुसार होंगी:

क्र.सं.	**विवरण**	**व्यय स्वीकृत करने हेतु प्रत्यायोजन की सीमा**
1.	20 करोड़ रुपये के खुले या सीमित निविदा संविदाओं के लिए	पूर्ण शक्तियाँ
2.	परिणामी एकल प्रस्ताव या प्रोप्राइटरी संविदाओं सहित एकल निविदा के लिए	5 करोड़ रुपये
3.	तकनीकी सहयोग और परामर्शी सेवाओं हेतु करारों या संविदाओं के लिए	2 करोड़ रुपये

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि उपरोक्त स्पष्टीकरण केवल संविदाओं के निष्पादन एवं प्रापण से संबंधित व्यय स्वीकृत करने हेतु शक्तियों के प्रत्यायोजन से संबंधित है, और इसे योजनाओं या परियोजनाओं के मूल्यांकन और अनुमोदन के लिए शक्तियों के प्रत्यायोजन के रूप में नहीं माना जाएगा ।

भवदीय,

5/2/26

(छेरिंग तोबदन)
वरि. उप सचिव (नीति प्रभाग)

कृ.पृ.उ.

प्रतिलिपि:

1. वित्त सलाहकार, सीएसआईआर का कार्यालय
2. संयुक्त सचिव (प्रशा.), सीएसआईआर का कार्यालय
3. सीएसआईआर की सभी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं संस्थानों/मुख्यालय/इकाइयों के वरि. प्रशासन नियंत्रक/वरि. उप सचिव/ प्रशासन नियंत्रक/ उप सचिव/प्रशासनिक अधिकारी/अवर सचिव
4. सीएसआईआर की सभी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों/मुख्यालय/इकाइयों के वरि. उप वित्त सलाहकार/ वरि. वित्त एवं लेखा नियंत्रक/उप वित्त सलाहकार/वित्त एवं लेखा नियंत्रक/ वित्त एवं लेखा अधिकारी
5. सीएसआईआर वेबसाइट
6. कार्यालय प्रति

5/2/26